# पान मसाला विक्रेता के मकान, दुकान और गोदाम में कार्यवाही

## जीएसटी एंटी-इवेजन की टीम ने की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 23 दिसम्बर. शहर के प्रमुख पान मसाला विक्रेता पर जीएसटी एंटी-इवेजन टीम ने मंगलवार दोपहर अचानक जांच की कार्यवाही की। कटरा स्थित मोहनलाल पान मसाला के ठिकाने पर दोपहर करीब 2 बजे एंटी-इवेजन टीम ने दबिश दी। इस कार्रवाई के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है।**

इस महीने में जीएसटी टीम के छापों की यह चौथी कार्रवाई है। इसमें बड़ी संख्या में कर चोरी के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। दोपहर से शुरू हुई यह कार्रवाई देर रात तक जारी रही। मोहनलाल पान मसाला के प्रोप्राइटर मोहनलाल वसंतकुमार पिछले कई सालों से जीएसटी में बहुत कम रिटर्न प्रस्तुत कर रहे थे, जबकि उनका व्यापार काफी अधिक हो रहा था। इसी संदेह के आधार पर उपायुक्त उमेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम पान मसाला दुकानों की जांच कर रही है। इस दौरान टीम दुकान में उपलब्ध स्टॉक और आने वाली बिक्री का सत्यापन कर रही है। जीएसटी टीम को इस कार्रवाई से बड़ा कर खुलासा होने की उम्मीद है। बता दें कि अभी तक हुई तीन कार्रवाइयों में एन्टी इवेजन टीम ने एक करोड़ से अधिक की कर चोरी पकड़ी जा चुकी है।

# ट्रेक्टर ट्रॉली के गिरने से अधेड़ की मौत

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 23 दिसम्बर. जिले के चुरहट तहसील अंतर्गत ग्राम डढिया निवासी एक अधेड़ के ऊपर ट्रेक्टर ट्राली के गिरने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार डढ़िया निवासी सूखेद्र विश्वकर्मा उर्फ दादूली पिता चंद्रवली विश्वकर्मा सोमवार की रात 9 बजे पचोखर के पंडित के ट्रेक्टर की ट्राली का काम घर में स्थित बिल्डिंग की दुकान में कर रहा था।**



लोगो द्वारा बताया गया कि ट्राली का बिल्डिंग करने के दौरान जैक लगाया और ट्राली के नीचे घुस गया। काम करने के दौरान रात करीब रात 9 बजे ट्राली के नीचे लगा जैक गिर गया। इससे ट्राली के नीचे सूखेद्र विश्वकर्मा उ? दादूली दब गया। हल्ला गुहार होने से प?ास के लोगो द्वारा ट्राली उठाई गई और गंभीर हालत में चुरहट अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रीवा रेफर कर दिया गया। किन्तु रीवा अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी । आज रीवा से शव 12 बजे के करीब गांव लाया गया और दाह संस्कार ड?िया में किया गया।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

**सिंगरौली 23 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजनैतिक दलों को प्रारंभिक प्रकाशन की सूची के साथ मतदान केन्द्रो की जानकारी भी प्रदान की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी राजनैतिक दल अपने नियुक्त किए गए बीएलए के माध्यम से नो मैपिंग श्रेणी अंतर्गत सूची का परीक्षण करें।

# बीच बाजार के ज्वेलरी दुकान में चोरों ने बोला धावा

## 1 लाख कैश समेत सोने-चांदी के जेवरात पार, जांच में जुटी पुलिस, रातकालीन गस्त पर तरह-तरह के सवाल

**नवभारत न्यूज**
**देवसर 23 दिसम्बर। जियावन थाना से महज 300 मीटर दूरी पर स्थित जगदीश प्रसाद रामलखन ज्वेलर्स के दुकान में बीती रात अज्ञात चारों ने सटर तोड़कर करीब 1 लाख रूपये कैश एवं भारी मात्रा में सोने-चॉदी के जेवरात को पार कर दिया।**



आज सुबह ज्वेलरी दुकानदार को जानकारी हुई, जहां जियावन थाना में इसकी सूचना दिया। पुलिस टीम गठित कर चोरों के तलास में लगी हुई है। वहीं एनएच 39 बीच बाजार में हुई चोरी को लेकर पुलिस की रातकालीन गस्त पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सीधी-सिंगरौली एनएच 39 देवसर ब्लॉक मुख्यालय बीच बाजार एवं थाना से महज 300 मीटर दूरी पर स्थित जगदीश प्रसाद रामलखन ज्वेलरी के दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुये दुकान का सटर तोड़ सोने-चॉदी के जेवरात व 1 लाख रूपये कैश उठा ले गये। दुकानदार ने इसकी सूचना आज दिन मंगलवार को सुबह जियावन पुलिस को दी है। जहां पुलिस डॉग स्क्रायर्ड के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। इसके अलावा आसपास के दुकानो में लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाला जा रहा है। हालांकि अभी तक ज्वेलरी दुकानदार ने यह नही बताया है कि कितने कीमत के आभूषण चोरी हुआ है। चर्चाओं के मुताबिक आभूषणों की कीमत लाखों रूपये में है। वहीं पुलिस की गस्त पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आधी रात को आखिर पुलिस क्या कर रही थी, यह घटना रात 12 बजे से 3 बजे की बीच की है। पुलिस के गस्त पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

### कर्थुआ चोरी का भी नही हुआ खुलासा

चितरंगी थाना क्षेत्र के कर्थुआ स्थित 112 नोडल प्वाइंट के चन्द कदम दूर एक ज्वेलरी दुकान में पॉच दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने दुकान से करीब 37 लाख रूपये के आभूषण एवं नकद राशि पार कर गये। पुलिस अभी तक उक्त चोरी का खुलासा नही कर पाई है। अब कर्थुआ बाजार के कई रहवासियों एवं व्यापारियों का आरोप है कि टीआई सुस्त हैं, इनके कार्यकाल में चोरियों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। जिससे पुलिस की छवि भी धूमिल हो रही है।

### इनका कहना है

अज्ञात चोरों का पतासाजी करने के लिए पुलिस टीम रवाना किया गया है, उम्मीद है कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

रोशनी पटेल थाना प्रभारी, प्रशिक्षु डीएसपी थाना जियावन

# महंत सीताराम सहित 5 को आजीवन कारावास की सजा

## सर्किट हाउस गैंगरेप कांड में फैसला

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 23 दिसम्बर. रीवा के बहुचर्चित राजनिवास गैंगरेप कांड में न्यायालय ने आज एक कड़ा संदेश देते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया है।**

विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) पद्मा जाटव की अदालत ने मुख्य आरोपी महंत सीताराम उर्फ विनोद पांडे सहित पांच दोषियों को उनके शेष प्राकृतिक जीवन (अंतिम सांस तक) के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, दोषियों पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। घटना 28 मार्च 2022 की है, जब रीवा के सर्किट हाउस (राजनिवास) के कमरा नंबर 4 में एक नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था।रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी विनोद पांडेय ने पी?िता को किसी काम का झांसा देकर सर्किट हाउस बुलाया था। वहाँ उसे नशीली शराब पिलाई गई और फिर महंत सीताराम और अन्य साथियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। पी?िता किसी तरह चलती कार से कूदकर अपनी जान बचाकर भागी और बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।न्यायालय ने इस मामले में कुल 9 आरोपियों में से 5 को दोषी पाया है। जिन्हें सजा हुई हैं उनमें महंत सीताराम ,विनोद पांडे,धीरेंद्र मिश्रा,अंशुल मिश्रा,मोनू पयासी शामिल है। साक्ष्यों के अभाव में 4 अन्य आरोपियो संजय त्रिपाठी, रवि शंकर शुक्ला, जानवी दुबे और तौसीद अंसारी को दोषमुक्त (बरी) कर दिया गया है।सरकारी वकील ने बताया कि इस मामले को साबित करना काफी चुनौतीपूर्ण था। पुलिस ने डीएनए रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर जैसे तकनीकी साक्ष्यों को अदालत के सामने पेश किया।अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 22 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए और 140 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए । पांच दिनों तक चली लंबी बहस के बाद अदालत ने यह कठोर फैसला सुनाया।राजनिवास जैसे सरकारी परिसर में एक तथाकथित धर्मगुरु द्वारा किए गए इस कृत्य से पूरा जिला स्तब्ध था। इस फैसले ने समाज में यह विश्वास जगाया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। सभी दोषियों को न्यायालय से सीधे जेल भेज दिया गया है।

# सरई उप डाकघर बना शोपीस

**नवभारत न्यूज**
**सरई 23 दिसम्बर। सरई उप डाकघर शोपीस बनकर रह गया है। यहां से स्पीड पोस्ट डाक भेजना कठिन है। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। एक युवक स्पीड पोस्ट करने के लिए उप डाकघर के स्टाफ से मिन्नते कर रहा है। फिर भी उप डाकघर का स्टाफ अपनी अलग ही कहानी सुना रहा है।**

दरअसल उप डाकघर सरई की व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त एवं पस्त है। बताया जा रहा है कि सरई अंचल के एक युवक आज स्पीड पोस्ट से डाक भेजने के लिए उप डाकघर पहुंचा था, लेकिन वहां का स्टाफ ने यह कहते हुये युवक को लौटा दिया और कहा कि यहां व्यवस्था नही है। युवक कहा कि बैढ़न जाने में हजारों रूपये का खर्च आएगा और समय भी बर्बाद जाएगा। फिर भी उप डाकघर का स्टाफ युवक को वैरंग लौटा दिया।

# ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत


**नवभारत न्यूज**
**सतना 23 दिसंबर. रेलवे लाइन पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई. पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत धवारी गली नंबर 5 निवासी शिव कुमार बर्मन पिता चुन्नीलाल उम्र 60 वर्ष मंगलवार की शाम लगभग 5 बजे घर से निकले थे. बताया गया कि नजीराबाद कब्रिस्तान के निकट वे रेलवे लाइन पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गए. जिसके चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई. इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे मृतक के बेटे कन्हैया लाल ने पुलिस को जानकारी दी. जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पंचनामा तैयार करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मर्चुरी में भेज दिया गया. पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है.

# होमगार्ड सैनिक ने चित्रकूट में दी ईमानदारी की मिसाल

## गुमा पर्स मिलने पर खिला महिला चेहरा

**नवभारत न्यूज**
**सतना 23 दिसंबर. चित्रकूट गुप्त गोदावरी में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के सैनिक जितेंद्र सिंह चौहान ने एक श्रद्धालु का रुपए से भरा पर्स लौटाकर ईमानदारी और कर्तव्य परायणता की मिसाल पेश की हैं।**



पश्चिम बंगाल से आई महिला शिवानी महारानी ने अपने पर्स के गुमने की सूचना सैनिक को दी। सैनिक जितेंद्र सिंह ने तत्काल भीड़ को रोककर सर्चिंग की। महिला ने बताया कि पर्स में 20 हजार रुपए, कुछ नेपाली नोट और मोबाइल है। सर्चिंग के दौरान पर्स के मिल जाने पर सैनिक जितेंद्र सिंह चौहान ने वही सामान मिलने पर शिवानी को पर्स लौटा दिया। गुमा हुआ पर्स मिल जाने पर महिला ने बेहद खुशी जताते हुए सैनिक को आशीर्वाद दिया और चित्रकूट के स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सांदीपनि मॉडल स्कूल में सृजन महोत्सव आयोजित

**चितरंगी 23 दिसम्बर।** शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी में आज दिन मंगलवार को शासन के निर्देशानुसार सृजन महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम चितरंगी सौरभ मिश्रा, तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह, बीईओ, संकुल प्राचार्य जेजे भारती, विधायक प्रतिनिधि प्रभात सिंह सहित अतिथियों ने फीता काटकर किया। महोत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान, गणित, पर्यावरण व तकनीक से जुड़े आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए।

# पत्थर से हमला कर नकाबपोशों ने जेवरातों भरा झोला लूटा

## कमर्जी थाना के शासकीय स्कूल हिनौती के पास हुई वारदात

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 23 दिसम्बर. कमर्जी थाना अंतर्गत शासकीय स्कूल हिनौती के समीप बीती रात कार में पत्थरबाजी कर 4 नकाबपोशों ने जेवरात से भरा झोला लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के दौरान मारपीट करते हुये ज्वेलरी व्यापारी के बेटे के आंख में मिर्ची पाउडर भी डाल दिया। लूटे गये जेवरात की कीमत करीब 9 लाख रूपये आंकी गई है।**

घटना के बाद विवेक सोनी पिता वीरेन्द्र सोनी उम्र 18 वर्ष निवासी हिनौती नं.01 द्वारा कमर्जी थाना में रिपोर्ट की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि 22 दिसम्बर 2025 को मैं अपने भाई-बहनों के साथ सीधी पढने के लिये गया था, वहां से करीब 5 बजे दुकान में उतरा। इसके बाद दुकान से स्कूटी लेकर अपने भाई के साथ घर गया। घर जाने पर पिताजी ने फोन किया कि 40 हजार रूपये नकदी लेकर दुकान आओ। जिसके बाद वह अपनी कार सुजुकी स्टेलो क्रमांक 53 सीए 2441 को लेकर दुकान पहुंचा। पिताजी को पैसा देकर शाम करीब 5=30 बजे घर के लिये रवाना हुआ तो पिताजी ने सोने-चांदी से भरा झोला घर ले जाने को दिया। जिसको लेकर कार से गांव की ओर रवाना हुआ। शासकीय स्कूल हिनौती से करीब 300 मीटर आगे पहुंचा तो उसी दौरान शाम करीब 6=30 बजे एक सफेद कलर की स्विफ्ट कार आगे निकली और उसके कार के आगे लगाकर खड़ी कर दी गई। कार से 4 व्यक्ति मुंह बांधे हुये निकले और विवेक सोनी के कार के सामने पत्थर मारकर साइड का कांच तोड़ दिये। बाहर से मिर्ची पाउडर विवेक के ऊपर फेंका और मारपीट की। जमीन पर नीचे गिरने पर नकाशपोशों से जेवरात से भरा झोला छीनकर भाग खड़े हुये। नकाशपोशों ने जाते समय धमकी दी कि यदि हल्ला-गुहार किया तो गोली मार दूंगा। कमर्जी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 309(6) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# मोरवा पुलिस की तेज कार्रवाई, 12 घंटे में चोरी का खुलासा

## 5 लाख का सामग्री बरामद, एक विधि विरुद्ध बालक भी गिरफ्तार


**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 23 दिसम्बर। थाना मोरवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एनसीएल कॉलोनी में हुई चोरी की वारदात का महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक विधिविरुद्ध किशोर आरोपी को अभिरक्षा में लेते हुए चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण व नकद राशि सहित लगभग 5 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। पुलिस की इस फुर्तीली कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर आमजन का भरोसा मजबूत हुआ है।**



एनसीएल कॉलोनी निवासी सुनील कुमार तिवारी उम्र 40 वर्ष ने 22 दिसम्बर को थाना मोरवा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिन के समय अज्ञात व्यक्ति ने उनके क्वार्टर का ताला तोड़कर भीतर रखे सोने-चांदी के जेवरात और 3000 रुपये नकद चोरी कर लिए। फरियादी की शिकायत पर थाना मोरवा में धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। एसपी मनीष खत्री के निर्देशन में एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा एवं एसडीओपी गौरव पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोरवा निरीक्षक यूपी सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही संदिग्धों की तलाश तेज की गई।

### पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एनसीएल कॉलोनी गोल चक्कर के पास घेराबंदी कर एक किशोर को पकड़ा। पूछताछ के दौरान किशोर ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया मशरूका बरामद किया, जिसमें सोने का कंगन, चेन, मंगलसूत्र, कान की झुमकियाँ, चांदी की कटोरी, चांदी के सिक्के और 3000 रुपये नकद शामिल हैं। बरामद संपत्ति की कुल कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है। विधि विरुद्ध किशोर को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय, बैढ़न के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में उनि केपी सिंह, सउनि प्रवीण मरावी, प्रआर अजीत सिंह परिहार, शकुंतला यादव, आर अजय यादव, राकेश यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99